उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## गुरूवार, 13 फाल्गुन, शक संवत्, 1942

( दिनांक : 04 मार्च, 2021 )

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)

3. निधन के निदेश।

4. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विधान सभा के वर्ष, 2021 के प्रथम सत्र में, उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य-संचालन नियमावली, 2005 के नियम-300 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश संख्या-14 (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे।

5. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

6. श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के ग्राम चुडियाला में सुरेश पुत्र श्री प्रसा के मकान से सोमपाल के यहां होते हुये भगवानपुर से चुडियाला रोड पर सी0सी0 निर्माण के सम्बन्ध में" श्री सुखलाल बाग्ले पुत्र श्री दयाराम ग्राम चुडियाला जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के ग्राम बिनारसी कब्रिस्तान वाली सड़क से जनार्धन के खेत तक सी0सी0 सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री अरविन्द त्यागी पुत्र श्री महेन्द्रपाल त्यागी, ग्राम बिनारसी, पोस्ट चुडियाला, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के ग्राम बिन्दु खड़क में शमशान घाट की चारदीवारी के सम्बन्ध में" श्री संजय पुत्र श्री विजयपाल, ग्राम बिन्दु खड़क पोस्ट भलस्वागाज, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के ग्राम मोलना में आन्तरिक सड़कों के सम्बन्ध में" श्री राहुल पुत्र श्री मांगेराम, ग्राम मोलना, पो0 ईकबालपुर जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

Scanned with CamScanner

10. श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब, सदस्य, विधान सभा "जनपद हरिद्वार के ग्राम मानक माजरा में कब्रिस्तान की चारदीवारी के सम्बन्ध में" श्री शकुर पुत्र श्री खलील, ग्राम मानकमाजरा पो0 हल्लूमाजरा जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

12. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

13. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

14. शहरी विकास मंत्री, "उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959) (संशोधन) विधेयक, 2021" पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मार्गेगे।

15. शहरी विकास मंत्री, "उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959) (संशोधन) विधेयक, 2021" को पुरःस्थापित करेंगे।

16. शहरी विकास मंत्री, "(उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916) (संशोधन) विधेयक, 2021" पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मार्गेगे।

17. शहरी विकास मंत्री, "(उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916) (संशोधन) विधेयक, 2021" को पुरःस्थापित करेंगे।

18. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-"ग")

19. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

20. उच्च शिक्षा मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि 'इक्फाई विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021' पर विचार किया जाय। (10 मिनट)

21. उच्च शिक्षा मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि 'इक्फाई विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021' को पारित किया जाय।

22. कृषि मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि 'उत्तराखण्ड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (प्रोत्साहन एवं सुविधा) (संशोधन) विधेयक, 2021' पर विचार किया जाय। (10 मिनट)

23. कृषि मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि 'उत्तराखण्ड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (प्रोत्साहन एवं सुविधा) (संशोधन) विधेयक, 2021' को पारित किया जाय।

Scanned with CamScanner

24. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि 'उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (संशोधन) विधेयक, 2021' पर विचार किया जाय। (10 मिनट)
25. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि 'उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (संशोधन) विधेयक, 2021' को पारित किया जाय।
26. पंचायतीराज मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि 'उत्तराखण्ड पंचायतीराज (संशोधन) विधेयक, 2021' पर विचार किया जाय। (15 मिनट)
27. पंचायतीराज मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि 'उत्तराखण्ड पंचायतीराज (संशोधन) विधेयक, 2021' को पारित किया जाय।

---

(समय : अपराह्न 04:00 बजे)।

28. वित्त मंत्री वित्तीय वर्ष 2021-2022 का आय-व्ययक प्रस्तुत करेंगे।
29. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।
30. जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के सम्बन्ध में श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 03 मार्च, 2021 को दी गई सूचना पर मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।
31. देश में लौहतत्व की कमी को दूर करने के लिए DFS कार्यक्रम का प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से सुलभ करने के सम्बन्ध में श्री केदार सिंह रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 03 मार्च, 2021 को दी गई सूचना पर मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

**भराड़ीसैंण :**
**दिनांक : 03 मार्च, 2020**

**(मुकेश सिंघल)**
**सचिव।**

Scanned with CamScanner

प्रथम सत्र, 2021
का प्रथम गुरूवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार,

## 13 फाल्गुन, शक संवत्, 1942

## (दिनांक : 04 मार्च, 2021)

## नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>19.02.2021 | ** क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है ? यदि हां, तो सरकार राज्य में अभी तक जैविक खेती के लिए बनायी गयी कार्ययोजना एवं उनके क्रियान्वयन से अवगत करायेगी ? क्या सरकार राज्य में कृषकों की आय बढ़ाने हेतु जैविक खेती की दीर्घकालिक नीति निर्धारण करने पर विचार करेगी ताकि कृषकों विशेषकर पर्वतीय क्षेत्र के कृषकों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके और स्थानीय आर्थिकी विकसित हो सके? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.02.2021 | ** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में औसत से भी कम वर्षा होने के कारण रबी की फसलों के उत्पादन पर भारी कुप्रभाव पड़ा है ? क्या सरकार बतायेगी कि रबी की फसलों के उपयुक्त उत्पादन हेतु कितने मि0मी0 वर्षा की आवश्यकता पड़ती है ? वर्तमान में कुल कितनी वर्षा हुई ? क्या सरकार बतायेगी कि कास्तकरों को समय पर वर्षा न होने के कारण रबी की फसल पर पड़े कुप्रभाव की पूर्ति के लिए क्या–क्या उपायों पर विचार किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |

Scanned with CamScanner

# नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>03.02.2021 | *01. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज की दर से अब तक कुल कितनी धनराशि का ऋण वितरण किया जा चुका है तथा इसकी जनपदवार अद्यतन स्थिति क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इस योजना से एस0सी0/एस0टी0 व ओ0बी0सी0 के किसानों को लाभान्वित किये जाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>04.02.2021 | *02. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोरोना महामारी के समय गरीब बच्चों को दिये जाने वाले मध्याह्न भोजन की आपूर्ति के लिये सरकार द्वारा क्या कार्य किए गए? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि विद्यालय बन्द होने के कारण बच्चों की मध्याह्न भोजन की पूर्ति नहीं की गई ? क्या इन बच्चों को मध्याह्न भोजन के एवज में छात्रवृत्ति के रूप में धनराशि या सूखा राशन देने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>05.02.2021 | *03. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत आदर्श राजकीय महाविद्यालय, देवीधूरा में विज्ञान वर्ग (बी.एस.सी.) की कक्षाओं का जनहित संचालन करने की मांग लम्बे समय से की जा रही है ? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि आदर्श राजकीय महाविद्यालय, देवीधूरा में विज्ञान वर्ग (बी.एस.सी.) नहीं होने से वहां के छात्रों को अल्मोड़ा या हल्द्वानी जाना पड़ता है, जिस कारण छात्रों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है विशेषकर छात्रायें लम्बी दूरी के कारण उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं? यदि हॉ, तो क्या सरकार उक्त के दृष्टिगत आदर्श राजकीय महाविद्यालय, देवीधूरा में इसी सत्र से विज्ञान वर्ग (बी.एस.सी.) की कक्षाओं का संचालन प्रारम्भ करायेंगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>05.02.2021 | *04. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार इंटर कालेज में प्रधानाचार्य के पदों को भरने के लिए लम्बे समय से कार्य कर रहे उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की प्रोन्नति पर विचार कर रही है ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो विद्यालयी शिक्षा में लम्बे अनुभव को महत्व न देकर कम अनुभव वाले अभ्यर्थियों को महत्वपूर्ण दायित्व दिये जाने का क्या औचित्य है ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>05.02.2021 | *05. क्या पंचायतीराज मंत्री अवगत हैं कि ग्राम पंचायत में होने वाले विकास कार्यों की ई ग्राम स्वराज पोर्टल एवं प्लान प्लस पर दी जाने वाली जानकारियां आधी अधूरी दी जा रही हैं जिससे सरकार के पारदर्शिता पूर्ण एवं जवाबदेह राज संकल्प पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है ? इसमें बरती गई लापरवाही एवं अनियमितता के विरूद्ध सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? क्या सरकार उक्त पोर्टल को अद्यावधिक कर पारदर्शी एवं जवाबदेही बनायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायती राज |
| श्री चन्दन राम दास<br>08.02.2021 | *06. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर के तहसील काफलीगैर में सात राजकीय इंटर कालेज हैं ? यदि हां, तो राजकीय इंटर कालेज जिले के राजकीय महाविद्यालय से लगभग 50–60 कि0मी0 दूरी पर स्थित है ? क्या सरकार पर्याप्त सुविधाओं व दूरी को दृष्टिगत रखते हुए काफलीगैर क्षेत्र में राजकीय महाविद्यालय खोलने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>08.02.2021 | *07. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज रीठाजाल है जो अल्मोड़ा व चम्पावत जिले का अन्तिम छोर का विद्यालय है ? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत है कि राजकीय इण्टर कालेज रीठाजाल का उच्चीकरण विगत 10 वर्ष पूर्व हुआ था, किन्तु 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी विद्यालय को विज्ञान वर्ग की मान्यता नहीं मिली है जिसके कारण वहां छात्रों को विज्ञान वर्ग की शिक्षा हेतु 20–25 किमी0 की दूरी तय करनी पड़ती हैं ? क्या सरकार राजकीय इण्टर कालेज रीठाजाल को इसी शिक्षा सत्र में विज्ञान वर्ग की मान्यता प्रदान करेगी ? यदि हॉं, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>09.02.2021 | *08. क्या सहकारिता मंत्री अवगत हैं कि राज्य में यूरिया उर्वरक की भारी कमी के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो सरकार यूरिया उर्वरक की कमी को दूर करने के लिए क्या ठोस कदम उठा रही है ? क्या सरकार कोई ऐसी कार्ययोजना भी बना रही है जिससे भविष्य में यूरिया उर्वरक की कमी न हो? यदि हां, तो यह कार्ययोजना क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.02.2021 | *09. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण को फैलाने से रोकने हेतु विद्यालयों के संचालन पर रोक लगायी गई है ? क्या सरकार बतायेगी कि ऐसी परिस्थिति में लाखों छात्र–छात्राओं का शैक्षिक कैलेण्डर वर्ष बरबाद होने की कगार पर है ? क्या सरकार छात्र–छात्राओं के भविष्य को दृष्टिगत शैक्षिक कैलेण्डर अपग्रेड करने अथवा अन्य किसी विशिष्ट योजना पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो वह योजना क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री मनोज रावत<br>10.02.2021 | *10. क्या पंचायती राज मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पंचायती राज विभाग में तकनीकी कर्मचारी न होने के फलस्वरूप अनुश्रवण मूल्यांकन, रिपोर्टिंग एवं ऑडिट कार्यों हेतु प्रत्येक विकासखण्ड में एक कनिष्ठ अभियन्ता और एक डाटा एन्ट्री आपरेटर की आउटसोर्स से नियुक्ति की गयी थी ? यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि उक्त कार्मिकों को 31 मार्च, 2020 से हटा दिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कर्मचारियों के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए 14वें, 15वें वित्त एवं राज्य वित्त से कम से कम 2 प्रतिशत कन्टीजैंसी मद से आधा प्रतिशत आवंटित कर उक्त युवकों को रोजगार देने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी<br>10.02.2021 | **अस्पष्टता एवं विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>*11. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में कुल 28 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के समस्त विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है? यदि हां, तो विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के अन्तर्गत संचालित उक्त विद्यालय में अध्ययनरत 150 विद्यार्थियों सहित प्रदेशभर में हजारों गरीब होनहार विद्यार्थियों की आर्थिक स्थिति इनकी उच्च शिक्षा के लिए बाधा बनी हुई है? क्या सरकार इन गरीब होनहार विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा हेतु कोई ठोस योजना बनाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.02.2021 | *12. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार साधन सहकारी समितियों की वर्तमान में संख्या क्या है? क्या सरकार बतायेगी कि कुछ साधन सहकारी समितियों को दूसरी समिति के साथ विलीनीकरण किया जा रहा है? क्या यह सत्य है कि समितियों के विलीनीकरण से समिति सदस्यों/अंश धारकों को ऋण लेने, चुकाने, उर्वरक, बीज आदि के क्रय में व्यवहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा? यदि हां, तो क्या वर्तमान में संचालित साधन सहकारी समितियों को यथावत रखे जाने पर विचार किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.02.2021 | *13. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन के लिए गौ पालन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आसान किस्तों पर ऋण व अनुदान दिया जा रहा है ? क्या यह सत्य है कि गाय उत्तर प्रदेश, हरियाणा व पंजाब से क्रय किए जाने की शर्त रखी गई है, जबकि प्रदेश में भरपूर व अच्छी नस्लों की गाय उपलब्ध है ? क्या सरकार बतायेगी कि उत्तराखण्ड़ के परिवेश व वातावरण के अनुकूल अच्छी नस्ल की गायों की प्रचुर उपलब्धता के वावजूद बाहरी प्रदेशों से गायों के क्रय करने का औचित्य क्या है ? क्या सरकार उत्तराखण्ड़ प्रदेश से ही उन्नत नस्ल की गायों को खरीदने की व्यवस्था करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | दुग्ध विकास |



Scanned with CamScanner

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>03.02.2021 | 01. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्राथमिक शिक्षा भर्ती पर रोक लगाई गई है? यदि हां, तो क्या मंत्री अवगत हैं कि प्राथमिक विद्यालयों में मानकानुसार 4000 से 5000 पद रिक्त हैं, इससे पठन–पाठन कार्य बाधित हो रहा है? यदि हां, तो इन रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया कब तक प्रारम्भ हो जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>03.02.2021 | 02. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि कम्प्यूटर साइंस जैसे आधुनिक विषय को माध्यमिक शिक्षा में पी0जी0टी / टी0जी0टी0 स्तर में नियमित विषय के रूप में मान्यता देते हुए स्थाई पदों की स्वीकृति का कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>03.02.2021 | 03. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि रूद्रप्रयाग जनपद में 5 ऐसे रा0इ0का0 हैं, जिनमें सिर्फ विज्ञान संकाय के पद स्वीकृत हैं लेकिन नियुक्ति एक भी पद पर नहीं है ? क्या सरकार इन सभी विद्यालयों में कला वर्ग के भी पद सृजित करेगी और विज्ञान व कला संकाय के सृजित पदों के सापेक्ष नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री धन सिंह नेगी<br>03.02.2021 | 04. क्या पंचायतीराज मंत्री अवगत हैं कि राज्य को 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियां प्राप्त हो गयी है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य को 15वें वित्त आयोग की संस्तुति पर ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायतों को धनराशि आवंटित गयी है ? क्या यह भी सत्य है कि 15वें वित्त आयोग ने राज्य के लिए उत्साहवर्धक संस्तुतियां की हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार 15वें वित्त आयोग द्वारा राज्य को 05 वर्ष का आवंटन का विवरण उपलब्ध करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>03.02.2021 | 05. क्या युवा कल्याण मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली वि0ख0 जोशीमठ के अन्तर्गत रिवग्राम में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा मिनी स्टेडियम निर्माण की घोषणा की गई है? यदि हां, तो वर्तमान में इसकी प्रगति रिपोर्ट क्या है ? | युवा कल्याण |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>04.02.2021 | 06. क्या उच्च शिक्षा मंत्री जी अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश के प्रत्येक विकासखण्ड में 01 महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा की थी? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के विकास खण्ड बाराकोट में मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप महाविद्यालय की स्थापना नहीं की गयी है? क्या सरकार छात्र हितों को दृष्टिगत रखते हुये विकासखण्ड बाराकोट में इस सत्र में महाविद्यालय की स्थापना करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>05.02.2021 | 07. क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत छमनिया में स्टेडियम का निर्माण कार्य रूका है, जिसके कारण स्थानीय खेल प्रमियों में काफी असंतोष व्याप्त है ? क्या सरकार खेल प्रतिभाओं के हितों को दृष्टिगत रखते हुए छमनिया स्टेडियम के रूके निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारम्भ कराकर कार्य पूर्ण करायेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री मनोज रावत<br>05.02.2021 | 08. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में प्रवक्ताओं और सूचना प्रौद्योगिकी (आई0टी0) के कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार रिक्त पदों पर भर्ती करने पर विचार करेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री मनोज रावत<br>05.02.2021 | 09. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा विभाग में विभिन्न संवर्गों के कितने पद रिक्त हैं तथा पदोन्नति के कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार विभाग के कार्यों को सुचारू रूप से संचालन हेतु सभी संवर्गों में पदोन्नति करने पर विचार करेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्रीमती ममता राकेश<br>05.02.2021 | 10. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अंतर्गत कितने वित्त पोषित मान्यता प्राप्त जूनियर हाई स्कूलों में कितने अध्यापकों के फर्जी दस्तावेज एवं नियुक्ति में नियमों की अवहेलना करने पर एस0आई0टी0 जांच चल रही हैं ? यदि हां, तो मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जांच में कितने अध्यापक दोषी पाये गये और उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>08.02.2021 | 11. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय पाटी की स्थापना वर्ष 2019 में की गयी थी परन्तु वर्तमान तक महाविद्यालय में महत्वपूर्ण विषयों की स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी है ? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि राजकीय महाविद्यालय पाटी में आतिथि तक प्राचार्य की नियुक्ति नहीं हो पायी है और राजनीति शास्त्र, शिक्षा शास्त्र व भूगोल जैसे महत्वपूर्ण विषयों की स्वीकृति प्रदान नही की गई है जिसके कारण वहां के छात्रों को अल्मोड़ा या हल्द्वानी जाना पड़ता है, जो उनके घर से बहुत दूरी पर स्थित हैं जिससे छात्रों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार राजकीय महाविद्यालय पाटी में इसी सत्र में प्राचार्य की नियुक्ति व अन्य विषयों की स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>08.02.2021 | 12. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रूद्रप्रयाग विधान सभा के कितने प्राथमिक विद्यालयों के भवन मरम्मत एवं पुनर्निर्माण के प्रस्ताव सरकार के पास लम्बित हैं ?क्या सरकार इन विद्यालयों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण का कार्य करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>08.02.2021 | 13. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि रूद्रप्रयाग जनपद में संचालित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय का भवन निर्माण की सरकार की कोई योजना हैं ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>09.02.2021 | 14. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत है कि रूद्रप्रयाग विधान सभा क्षेत्र के रा0इ0का0, तिलकनगर का भवन 2013 की आपदा में पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है तथा विद्यालय का संचालन अस्थाई टिन शेड पर हो रहा हैं ? क्या सरकार उक्त विद्यालय भवन का निर्माण करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>09.02.2021 | 15. क्या दुग्ध विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार किसानों की तर्ज पर दुग्ध उत्पादकों को भी सहायता उपलब्ध कराती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के दुग्ध उत्पादकों के लिए वर्तमान में कौन–कौन सी प्रोत्साहन योजना संचालित है, जिससे सीधे दुग्ध उत्पादकों को फायदा मिलता है? यदि नहीं, तो क्यों? | दुग्ध विकास |
| श्री धन सिंह नेगी<br>09.02.2021 | 16. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य में माध्यमिक शिक्षकों की वरिष्ठता का प्रकरण विचाराधीन है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में 01.10.1990 से विनियमितीकरण की मांग कर रहे शिक्षकों के प्रकरण का समाधान कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री मनोज रावत<br>09.02.2021 | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>17. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 14वें एवं 15वें वित्त एवं राज्य वित्त से प्राप्त धन से पंचायत राज विभाग द्वारा क्या–क्या कार्य करवाये गये ? क्या मंत्री जी उन सभी कार्यों का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री मनोज रावत<br>09.02.2021 | 18. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में पंचायतीराज विभाग को विभिन्न मदों से प्राप्त होने वाले धन से तकनीकी कार्यों को भी करवाया जाता है ? यदि हां, तो उक्त कार्यों के सम्पादन हेतु विभाग में पर्याप्त तकनीकी कर्मचारी नियुक्त हैं ? यदि हां, तो कितने? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री मनोज रावत<br>09.02.2021 | 19. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 14वें ,15वें वित्त एवं राज्य वित्त से पंचायतीराज विभाग को वित्तीय वर्ष 2018–19, 2019–20, 2020–21 में क्रमशः कितना–कितना धन प्राप्त हुआ ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग, चमोली, देहरादून और हरिद्वार जिलों को कितना–कितना धन आवंटित हुआ तथा कितना व्यय हुआ ? क्या सरकार उक्त व्यय का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>09.02.2021 | 20. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत स्वामी विवेकानन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट में चाहरदीवारी न होने से जानवर विद्यालय में प्रवेश कर जाते है, जिसके कारण अध्ययनरत् छात्रों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि स्वामी विवेकानन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लोहाघाट के समस्याओं का निदान शीघ्र ही कर दिये जाने का आश्वासन दिया गया था, परन्तु आज समय तक कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हो पायी है? क्या सरकार स्वामी विवेकानन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट के चाहर दीवारी का निर्माण शीघ्र करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी<br>09.02.2021 | 21. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चम्पावत विधान सभा क्षेत्र के रा0उ0मा0वि0 सल्ली, फूंगर, पल्सों, तलियाबांज एवं बजौन का उच्चीकरण किये जाने की कोई योजना है? क्या यह सत्य है कि दूरस्थ क्षेत्र के उपरोक्त विद्यालयों का उच्चीकरण कर इण्टर कॉलेज बनाये जाने की मांग क्षेत्रीय जनता द्वारा समय–समय पर की जाती रही है ? इन क्षेत्रों में इण्टर कॉलेज न होने से इस क्षेत्र के छात्र–छात्राओं को अध्ययन हेतु या तो अन्यत्र जाना पड़ता है अथवा हाईस्कूल में ही पढ़ाई छोड़ देनी पड़ती है ? क्या सरकार छात्र हितों को दृष्टिगत रखते हुये उपरोक्त विद्यालयों का उच्चीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>09.02.2021 | 22. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के रा0उ0मा0वि0 पुनगॉव से 10वीं पास के बाद इण्टर शिक्षा हेतु बच्चों को वर्तमान में किस विद्यालय में शिक्षा हेतु जाना पड़ता है तथा उसकी दूरी कितनी है ? क्या मुख्य शिक्षा अधिकारी, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा ने मानकों में छूट देते हुए इसके उच्चीकरण की संस्तुति की हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उा0उ0मा0वि0, पुनगॉव का उच्चीकरण करेगी ? क्या शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत सरकार की इसके उच्चीकरण की कानूनी बाध्यता नहीं हैं ? यदि हां, तो कब तक उच्चीकरण हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>10.02.2021 | 23. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोटड़ा कल्याणपुर में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरसणी में है? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि बच्चों को इन्टर की पढ़ाई करने हेतु 10–15 किमी0 पैदल चलना पड़ता है, जिससे पठन–पाठन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है व इन्टरमीडिएट की कक्षाओं की उपयुक्त व्यवस्था नहीं है तथा विभाग से बार–बार अनुरोध करने के उपरान्त भी उक्त विद्यालय का उच्चीकरण नहीं किया गया है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उक्त विद्यालय के उच्चीकरण हेतु कोई कार्यवाही प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.02.2021 | 24. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में युवक मंगल दलों व महिला मंगल दलों का पंजीकरण शुल्क की अधिकता तथा जटिल प्रकिया के चलते इन्हें कई योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है ? क्या सरकार विशेष अभियान चलाकर इन दलों का मामूली शुल्क लेकर पंजीकरण करायेगी ? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.02.2021 | 25. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितनी ग्राम पंचायतें भवन विहीन है और कुल कितनी ऐसी ग्राम पंचायतें हैं जिनके पंचायत भवन जीर्णशीर्ण अवस्था या वृहद् मरम्मत योग्य हैं ? क्या सरकार पंचायत भवन विहीन ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों का निर्माण तथा वृहद् मरम्मत योग्य पंचायत भवनों का पुनर्निर्माण करायेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>10.02.2021 | 26. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य तथा भीमताल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के कितने पद रिक्त हैं व रिक्त पदों को सरकार कब तक भरेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>10.02.2021 | 27. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य तथा भीमताल विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितने प्रा0वि0 के भवनों की हालत जर्जर है ? यदि हां, तो सरकार प्राथमिक विद्यालयों के भवनों का जीर्णोद्धार व नवनिर्माण का कार्य कब तक करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>10.02.2021 | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>28. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि राज्य में कितने हाई स्कूलों में प्रधानाध्यापक, इण्टर कालेजों में प्रधानाचार्यों के पद किस तिथि से रिक्त हैं ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि विधान सभा क्षेत्र कर्णप्रयाग, जनपद चमोली में कितने हाई स्कूल में प्रधानाध्यापक व इण्टर कालेजों में कितने प्रधानाचार्यों के पद रिक्त हैं? क्या इन पदों को भरने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री चन्दन राम दास<br>10.02.2021 | **तृतीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्याः 07 में स्थानान्तरित।**<br>29. क्या पंचायतराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र बागेश्वर के विकास खण्ड बागेश्वर व विकास खण्ड गरूड़ में 'प्रधानमंत्री आवास योजना' में कुल कितनी धनराशि आवंटित हुई है और कुल कितने परिवारों को आतिथि तक आवास उपलब्ध हुए हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विगत 4 वर्षों में 'प्रधानमंत्री आवास योजना' में उक्त विकास खण्ड से कुल कितने परिवारों को उक्त योजना से लाभान्वित किया गया है तथा कुल कितने परिवारों को योजना का लाभ दिया जाना शेष रह गया है? क्या सरकार बागेश्वर में 'प्रधानमंत्री आवास योजना' में ऑनलाईन नहीं हुए परिवारों को भी उक्त योजना का लाभ दिए जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायती राज |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>10.02.2021 | 30. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय, पाटी की स्थापना वर्ष 2019 में हुयी थी, किन्तु आज समय तक महाविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ भी नहीं हो पाया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि राजकीय महाविद्यालय पाटी के भवन निर्माण हेतु भूमि स्वामियों द्वारा निःशुल्क भूमि दान में दे दी गयी है परन्तु आतिथि तक भवन निर्माण की प्रकिया प्रारम्भ नहीं हो पायी है? क्या सरकार छात्र हित में राजकीय महाविद्यालय पाटी के भवन निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.02.2021 | 31. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में लॉकडाउन के चलते किसानों के भी सारे आय के स्रोत बन्द हुए है ? किसान सहकारी बैंकों से प्राप्त ऋण का मूलधन और ब्याज जमा करने में असमर्थ है ? क्या सरकार वर्तमान स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए किसानों के ऋण को किसी सीमा तक माफ किये जाने अथवा राहत दिये जाने पर विचार करेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |



Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.02.2021 | 32. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में मिशन अन्त्योदय कार्य योजना एवं ग्राम पंचायत विकास योजना (जी.पी.डी.पी.) का निर्माण कब किया गया और कितनी ग्राम पंचायतें आच्छादित की गई हैं? क्या सरकार बतायेगी कि मिशन अन्त्योदय कार्ययोजना व ग्राम पंचायत विकास योजना (जी.पी.डी.पी.) में अब तक क्या–क्या कार्य सम्पादित कराये गये हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायती राज |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.02.2021 | 33. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में पंचायतों को मजबूत करने की दिशा में सरकार द्वारा क्या–क्या प्रयास किये जा रहे है ? क्या सरकार बतायेगी कि ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों के अभाव में पंचायतीराज की मूल अवधारणा को भारी क्षति पहुंच रहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार पंचायत भवनहीन ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री धन सिंह नेगी<br>11.02.2021 | 34. क्या सहकारिता मंत्री अवगत हैं कि राज्य में किसानों को ब्याज रहित ऋण उपादान योजाना संचालित है ? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में ब्याज रहित ऋण की कौन–कौन सी योजनायें संचालित है ? क्या यह भी सत्य है कि उक्त योजना पैक्स सोसाईटियों के माध्यम से दी जाती है ? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2020–21 में इन पैक्स सोसाईटियों की ऋण सीमा का निर्धारण किस प्रकार किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |



Scanned with CamScanner

## नत्थी 'ग'

**कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 03 मार्च, 2021 की बैठक में दिनांक 04 मार्च, 2021 से दिनांक 07 मार्च, 2021 तक के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की हैः-**

**दिनांक 04 मार्च, 2021**

| | |
|---|---|
| 04 गुरूवार | (1) वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक का प्रस्तुतीकरण। |
| | (2) विधायी कार्य। |

1. इक्फाई विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2021 का विचार एवं पारण (10 मिनट)
2. उत्तराखण्ड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (प्रोत्साहन एवं सुविधा) (संशोधन) विधेयक, 2021 का विचार एवं पारण (10 मिनट)
3. उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (संशोधन) विधेयक, 2021 का विचार एवं पारण (10 मिनट)
4. उत्तराखण्ड पंचायतीराज (संशोधन) विधेयक, 2021 का विचार एवं पारण (10 मिनट)

| | |
|---|---|
| 05 शुक्रवार | (1) आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा। |
| | (2) विधायी कार्य। |
| | (3) असरकारी कार्य। |
| 06 शनिवार | (1) आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा। |
| | (2) विभागवार अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण, चर्चा एवं मतदान। |
| | (3) विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन विचार एवं पारण। |
| | (4) विधायी कार्य। |
| 07 रविवार | विधायी कार्य। |

Scanned with CamScanner